जागरण

# पंजाब में ब्रांडेड कंपनियों के डिब्बों में नकली घी का खेल, एक गलती से खुल गई सारी पोल



**जागरण संवाददाता, संगरूर।** सावधान! बाजार से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीद रहे हैं तो आपको पूरी समझदारी से काम लेना चाहिए, क्योंकि मार्केट में बिकने वाला हर खाद्य पदार्थ शुद्ध नहीं है। ऐसा ही मामला संगरूर के उभावाल रोड पर मौजूद मार्केट में सामने आया।

एक दुकानदार ब्रांडेड कंपनी वेरका व अमूल के नाम पर देसी घी के डिब्बे बेचता पाया गया। बेशक संबंधित कंपनियों की टीम के साथ फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने मई में उक्त दुकान पर चेकिंग करके बरामद किए देसी घी की सैपलिंग की।

Source: https://www.jagran.com/punjab/sangrur-fake-ghee-is-being-sold-in-the-cans-of-branded-companies-in-punjab-one-mistake-exposed-the-whole-truth-24039616.html